अनमोल वचन

"एक प्राचीन कहावत हैं जो पेड़ तूफानों में झुक जाते है वही बच जाते हैं, परमात्मा के सान्निध्य में रहों तुम्हे इसका अर्थ स्वयं समझ आ जायेगा।"

# जीत समाचार

दैनिक समाचार पत्र

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 185 मूल्य : 5 रू पृष्ठ : 8

रविवार 24 मई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## संक्षिप्त न्यूज

### भारतीय सेना की अधिकारी मेजर अभिलाषा बराक को प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र सैन्य लैंगिक समानता समर्थक पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया

नई दिल्ली। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा मिशन में कार्यरत भारतीय सेना की अधिकारी मेजर अभिलाषा बराक को 2025 के संयुक्त राष्ट्र सैन्य लैंगिक समानता समर्थक पुरस्कार के लिए चुना गया है।


मेजर बराक वर्तमान में लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल में महिला सहभागिता दल की कमांडर के रूप में भारतीय बटालियन में कार्यरत हैं। मेजर बराक भारतीय सेना की पहली महिला लड़ाकू हेलीकॉप्टर पायलट भी हैं।

मेजर बराक यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली तीसरी भारतीय शांतिरक्षक बन गई हैं। इससे पहले, मेजर सुमन गवानी को 2019 में और मेजर राधिका सेन को 2023 में यह पुरस्कार मिला था।

वर्ष 2016 में स्थापित यह पुरस्कार, प्रतिवर्ष संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में तैनात बलों के कमांडरों और मिशन प्रमुखों के नामांकनों में से चुना जाता है।

भारत संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सैनिकों और पुलिस कर्मियों का सबसे बड़ा योगदान देने वाले देशों में से एक है।

### ऑयल इंडिया लिमिटेड ने राजस्थान के दांडेवाला फील्ड में नया गैस भंडार खोजा



नई दिल्ली। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ऑयल इंडिया लिमिटेड ने राजस्थान के दांडेवाला फील्ड में एक नए गैस भंडार का पता लगाया। श्री पुरी ने कहा कि उथले सानू फॉर्मेशन से पहली बार लगभग 25 हजार मानक घन मीटर प्रति दिन की दर से प्राकृतिक गैस का प्रवाह होना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इससे घरेलू ऊर्जा उत्पादन को मजबूत करने में मदद मिलेगी और भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने में गति मिलेगी।

## लुधियाना पुलिस की बड़ी साजिश का पर्दाफाश: 'जीत समाचार' के संपादक कमल पवार पर हुए जानलेवा हमले को दबाने का प्रयास!

जीत समाचार लुधियाना / चंडीगढ़ (ब्यूरो)।

पंजाब में पत्रकारों और सामाजिक नेताओं की सुरक्षा को लेकर लुधियाना पुलिस प्रशासन और स्थानीय थाना पी.ए.यू. एक बड़े विवाद और कानूनी साजिश के गहरे घेरे में आ गए हैं। 'जीत समाचार' अखबार के मुख्य संपादक, लोकसभा चुनाव लड़ चुके और प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था 'समूह समाज संगठन' के अध्यक्ष श्री कमल पवार पर 31 मार्च 2026 को हुए जानलेवा गोलीबारी के हमले को लुधियाना पुलिस कमिश्नरेट और थाना पी.ए.यू. के अधिकारियों द्वारा महज 'कार पार्किंग का साधारण झगड़ा' दिखाकर दबाने की सनसनीखेज कोशिश बेनकाब हुई है।

**क्या है सुरक्षा (पीएसओ) हटाने की गुप्त साजिश?**

प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, श्री कमल पवार के उच्च सामाजिक कद और जान के खतरे को देखते हुए पंजाब सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर सरकारी सुरक्षा पीएसओ हेड कांस्टेबल सतपाल सिंह, नंबर 3033/लुधियाणा) मुहैया कराई गई थी। लेकिन एक सोची-समझी साजिश के तहत हमले से कुछ दिन पहले उनकी सुरक्षा अचानक वापस ले ली गई। श्री पवार ने अंदेशा जताते हुए 17 मार्च 2026 को ही पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आरटीआई दायर कर सुरक्षा हटाने के सरकारी आदेश मांगे थे। पुलिस ने साजिश का पर्दाफाश होने के डर से कानून का उल्लंघन करते हुए 30 दिनों में आरटीआई का कोई जवाब नहीं दिया, जिसके खिलाफ अब पंजाब स्टेट इंफॉर्मेशन कमीशन चंडीगढ़ में दूसरी अपील दायर कर दी गई है।

**थाना पी.ए.यू के अधिकारियों की भूमिका बेहद संदिग्ध, 'बंदूक और गोली' को तफ्तीश से किया गायब!**




श्री कमल पवार ने बताया कि जब वह बिना सुरक्षा के थे, तभी 31 मार्च को सुनियोजित तरीके से विरोधियों (हरीश खन्ना और अन्य) ने ऋषि नगर में उन पर जानलेवा हमला किया और पिस्तौल से सीधी गोली चलाई। हमले के दौरान चली गोली का असली खोल आज भी श्री पवार के पास बतौर पक्का सबूत सुरक्षित मौजूद है।

हैरानी और घोर लापरवाही की बात यह है कि इस पूरे मामले की कमान संभाल रहे थाना पी.ए.यू. के अधिकारियों ने आरोपी पक्ष के साथ कथित तौर पर मियामी (मिलीभगत) कर ली। थाना पी.ए.यू के अधिकारियों ने इस इतने बड़े और अकाट्य भौतिक सबूत (गोली के खोल) को अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट से पूरी तरह गायब कर दिया। इसी झूठी और मनगढ़ंत रिपोर्ट के आधार पर पुलिस कमिश्नर लुधियाना द्वारा 21 मई 2026 को 'स्पीकिंग ऑर्डर' (नंबर 9648/लिटिगेशन) जारी करवाया गया। थाना पी.ए.यू के अधिकारियों ने आरोपियों को बचाने के लिए हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट जैसे संगीन गैर-जमानती जुर्म को दबा दिया और केस को एक मामूली असंज्ञेय मारपीट (बीएनएस115) की धारा का रंग देकर फाइल बंद कर दी।

**एससी कमीशन और हाई कोर्ट में घिरेंगे थाना पी.ए.यू के अधिकारी**

माननीय पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा 22 अप्रैल 2026 को दिए गए आदेशों और नेशनल एससी कमीशन द्वारा जारी सख्त रिमाइंडरों के बावजूद, थाना पी.ए.यू और लुधियाना पुलिस ने तथ्यों को पूरी तरह से तोड़-मरोड़ कर पेश किया है। श्री कमल पवार सोमवार (25 मई 2026) को नेशनल एससी कमीशन के चंडीगढ़ कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से पेश होकर इस पूरे मामले में थाना च॰ के जांच अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका और आरोपी पक्ष से सांठगांठ की लिखित शिकायत दर्ज कराएंगे। वह कमीशन को गोली का खोल सौंपकर मांग करेंगे कि इसकी सेंट्रल फॉरेंसिक लैब से स्वतंत्र बैलिस्टिक जांच कराई जाए। इसके साथ ही हाई कोर्ट में पुलिस की इस पक्षपातपूर्ण जांच को रद्द कराने और केस की तफ्तीश थाना पी.ए.यू व लुधियाना पुलिस से छीनकर स्टेट क्राइम ब्रांच को देने के लिए एक अर्जेंट रिट पिटीशन दायर की जा रही है।

श्री पवार ने साफ शब्दों में कहा, 'मेरा पीएसओ हटाना, फिर गोली चलना और उसके बाद थाना पी.ए.यू के अधिकारियों द्वारा उस गोली के खोल को अपनी जांच रिपोर्ट से गायब कर देना एक बहुत बड़ी प्रशासनिक व आपराधिक साजिश है। मैं इन भ्रष्ट अधिकारियों को जेल भिजवाकर ही दम लूंगा और आखिरी सांस तक कानूनी लड़ाई लडूंगा।

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सरकार का मुख्य उद्देश्य



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में सरकार का प्रयास भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर रहा है। नई दिल्ली में 19वें रोजगार मेले को संबोधित करते हुए, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए भर्ती हुए लोग 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में देश की यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रोजगार मेले का आयोजन लोगों को अपने जीवन के लक्ष्यों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने उनसे आग्रह किया कि वे जन शिकायतों को प्रभावी ढंग से हल करने के प्रति समर्पित मानसिकता अपनाएं। श्री गोयल ने कहा कि नए भर्ती हुए लोग, इस दृष्टिकोण को अपनाकर, अपने काम के माध्यम से देश के विकास को और अधिक गति प्रदान कर सकते हैं।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## प्रधानमंत्री मोदी ने चीन में हुए खनन हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के शांक्सी प्रांत में खनन हादसे में हुई जानमाल की हानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने भारत की ओर से राष्ट्रपति षी चिनफिंग और चीन की जनता के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने लापता सभी लोगों की शीघ्र और सुरक्षित वापसी के लिए प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में शक्ति प्रदान करने की कामना की।

## मौसम विज्ञान विभाग ने कल देश के कई हिस्सों में भीषण लू का 'रेड अलर्ट' जारी किया



नई दिल्ली। मौसम विज्ञान विभाग ने कल पूर्वी मध्य प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश और विदर्भ में भीषण लू की स्थिति के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में भी ऐसी ही स्थितियाँ बनी रहेंगी। मौसम विभाग ने बताया कि पंजाब, राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना में अगले दो से तीन दिनों तक लू की स्थिति बनी रहेगी। विभाग ने आगे बताया कि कल तटीय आंध्र प्रदेश, गंगा से सटे पश्चिम बंगाल और ओडिशा में मौसम गर्म और उमस भरा रहेगा। कल तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और विदर्भ में रात के समय भी गर्मी बने रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है।

दिल्ली के लिए, विभाग ने कल अधिकतम तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान लगाया है, जबकि न्यूनतम तापमान 27 से 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही, एजेंसी ने राष्ट्रीय राजधानी में आसमान मुख्य रूप से साफ रहने का पूर्वानुमान जताया है, हालांकि कुछ स्थानों पर लू चलने की भी संभावना है। दिन के समय तेज सतही हवाएँ चलेंगी।

इस बीच, मौसम विभाग ने कल उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, सोमवार तक अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल और माहे, तथा लक्षद्वीप में भारी बारिश होने की संभावना है। विभाग ने बताया कि कल तटीय आंध्र प्रदेश, झारखंड और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान आने की संभावना है।

इसके अलावा, मंगलवार तक बिहार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण, गोवा, ओडिशा, दक्षिणी आंतरिक और तटीय कर्नाटक, तेलंगाना और रायलसीमा में बिजली कड़कने और तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान आने का भी पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है।


## केंद्र ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत पश्चिम बंगाल को जारी की 527 करोड़ रूपये की पहली किस्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के लिए, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वित्त वर्ष 2026-27 की पहली किस्त के रूप में 527 करोड़ रूपये से अधिक राशि जारी की है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ एक वर्चुअल बैठक के दौरान पश्चिम बंगाल में स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान, श्री नड्डा ने स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, बीमारियों की निगरानी में सुधार करने और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के लिए पश्चिम बंगाल को पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि चर्चाओं का मुख्य केंद्र स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना, प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रमों का कार्यान्वयन तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन और अन्य प्रमुख योजनाओं के तहत निधियों का प्रभावी उपयोग करना था। श्री नड्डा ने राज्य में एच.पी.वी. टीकाकरण पहलों को शुरू करने और 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के कार्यान्वयन में तेजी लाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्यान्वयन के लिए जल्द से जल्द समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण चर्चाएँ हुई, ताकि पात्र लाभार्थियों को बिना किसी देरी के इसका लाभ मिल सके। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में मातृ मृत्यु दर, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर और नवजात मृत्यु दर जैसे प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार और उन्हें बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। बैठक के दौरान, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पूरे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की कुशल डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रशासनिक तंत्र और जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन प्रणालियों को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने पश्चिम बंगाल में 'प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना' के कार्यान्वयन और विस्तार का भी प्रस्ताव रखा, ताकि आम लोगों के लिए सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

## पीएम मोदी और अमरीकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की मुलाकात, शांति-सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा



नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमरीकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने आज भारत-अमरीका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में लगातार हो रही प्रगति और क्षेत्रीय तथा वैश्विक शांति और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने आज नई दिल्ली में 'सेवा तीर्थ' में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की।

श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत और अमरीका वैश्विक भलाई के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। इस बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉक्टर जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी उपस्थित थे।

श्री मार्को रूबियो इस महीने की 26 तारीख को होने वाली 'क्वाड' विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए चार दिन की भारत यात्रा पर हैं। वह आज सवेरे अमरीका से कोलकाता पहुंचे, जहां उन्होंने 'मिशनरीज ऑफ चौरिटी' का दौरा किया और मदर टेरेसा की विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉक्टर जयशंकर और श्री मार्को रूबियो के बीच कल द्विपक्षीय वार्ता होने का कार्यक्रम है। आशा है कि इस यात्रा से भारत-अमरीका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूती मिलेगी।

## केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने आईटीबीपी के पहले महिला पर्वतारोही दल को माउंट एवरेस्ट फतह करने पर दी बधाई

नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के पहले महिला पर्वतारोही दल को माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने के लिए बधाई दी है।

सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने कहा कि देश की बेटियां वैश्विक मंच पर भारत की नारी शक्ति को नए सिरे से परिभाषित कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ की अंजली देवी ने इस अविश्वसनीय उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




# बांग्लादेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ती हिंसक घटनाओं पर यूनिसेफ ने जताई चिंता

बांग्लादेश(एजेंसी)। बांग्लादेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ती हिंसक घटनाओं पर यूनिसेफ ने गहरी चिंता व्यक्त की है। सुरक्षा प्रणालियों को मजबूत करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया है। कल जारी एक बयान में बांग्लादेश में यूनिसेफ की प्रतिनिधि राणा फ्लावर्स ने कहा कि संगठन उन स्थानों पर बच्चों के साथ दुष्कर्म और हत्या के हालिया मामलों से बेहद आहत और दुखी है।

श्री राणा ने कहा कि 2026 में बांग्लादेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ क्रूर तथा यौन हिंसा की बढ़ती रिपोर्टें मजबूत बाल संरक्षण उपायों, लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम, बाल-हितैषी न्याय प्रणालियों और बेहतर सामाजिक सहायता सेवाओं की तत्काल आवश्यकता को उजागर करती हैं।

यूनिसेफ ने इस बात पर भी बल दिया कि अपराधियों को मिलने वाली माफी की संस्कृति का अंत होना चाहिए। इसने स्कूलों, मदरसों, कार्यस्थलों, मोहल्लों और देखभाल संस्थानों से कड़ी जवाबदेही का आह्वान किया।

संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने जनता और मीडिया से अपील की कि वे पीड़ितों की तस्वीरों, वीडियो या व्यक्तिगत विवरण को सोशल मीडिया पर साझा करने से बचकर पीड़ितों की गरिमा और निजता का सम्मान करें। विभाग ने लोगों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित उपलब्ध सुरक्षा सेवाओं के माध्यम से दुर्व्यवहार और शोषण की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया।



# अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो भारत की यात्रा पर कोलकाता पहुंचेय आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे

अमरीका(एजेंसी)। अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो चार दिन की भारत यात्रा पर कोलकाता पहुंच गए हैं। श्री रूबियो की यह पहली भारत यात्रा है। यह यात्रा अमरीका और भारत के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मुख्य उद्देश्य व्यापार, रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और हिंद-प्रशांत रणनीति में सहयोग का विस्तार करना है। भारत में अमरीका के राजदूत सर्जियो गोर ने हवाई अड्डे पर श्री रूबियो का स्वागत किया। श्री मार्को रूबियो नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट करेंगे।

अमरीका के राजदूत के अनुसार, आगामी बैठकों का मुख्य उद्देश्य रक्षा साझेदारी, उन्नत प्रौद्योगिकी, व्यापार संबंध और क्वाड ढांचे के तहत सहयोग सहित प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करना होगा।

श्री रूबियो विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर से बातचीत भी करेंगे। उनका अमरीकी दूतावास में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का भी कार्यक्रम है।

श्री रूबियो आगरा और जयपुर भी जायेंगे। इसके बाद मंगलवार को नई दिल्ली में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। बैठक में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी भी शामिल होंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि बैठक में क्वाड के स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के दृष्टिकोण के अनुरूप जारी पहलों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होने की भी संभावना है।

भारत रवाना होने से पहले श्री रूबियो ने भारत को एक महान सहयोगी और साझेदार बताते हुए कहा कि भारत के साथ कई क्षेत्रों में काम करना है।

# चीनः शानक्सी प्रांत में कोयला खदान में विस्फोट, मरने वालों की संख्या 90 हुई



चीन(एजेंसी)। चीन के शानक्सी प्रांत में एक कोयला खदान में विस्फोट के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 90 हो गई है। यह विस्फोट कल कियुआन काउंटी की लियुशेन्यु कोयला खदान में हुआ। अब तक 201 खनिकों को बचाया जा चुका है। बचाव कार्य जारी है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने व्यापक बचाव अभियान और घायलों के उपचार के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने दुर्घटना के कारणों की गहन जांच की मांग की है, साथ ही कानून के अनुसार दोषियों को सजा दिलाने का भी निर्देश दिया है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का भविष्य और चुनौतियाँ

आज के दौर में सबसे महत्वपूर्ण और चर्चित वषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का भविष्य और चुनौतियाँ' है। इसी विषय पर आधारित एक लेख नीचे दिया गया है।

आधुनिक युग की क्रांतिः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( और हमारा भविष्य

आज हम जिस दौर में जी रहे हैं, उसे श्डिजिटल क्रांतिश् का चरम कहा जाए तो गलत नहीं होगा। इस क्रांति के केंद्र में है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्मार्टफोन में मौजूद वॉयस असिस्टेंट से लेकर जटिल मेडिकल डायग्नोसिस तक, 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने हमारे काम करने और सोचने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। लेकिन क्या यह तकनीक हमारे लिए वरदान है या एक अनजाना खतरा?

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस  का बढ़ता प्रभाव

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज केवल तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, वित्त, और परिवहन जैसे क्षेत्रों में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका लगातार बढ़ रही है। डेटा के विश्लेषण में इंसानी दिमाग की तुलना में मशीनों की गति और सटीकता ने काम को घंटों से घटाकर मिनटों में ला दिया है।

अवसर और चुनौतियाँ

।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसके साथ जहां असीमित अवसर हैं, वहीं गंभीर चुनौतियाँ भी हैं।

नौकरियों पर प्रभाव सबसे बड़ी चिंता यह है कि क्या 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसानों की जगह ले लेगा? यह सच है कि कुछ पारंपरिक नौकरियां खत्म हो रही हैं, लेकिन 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसे  कारण नए प्रकार के कौशल  और रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

नैतिकता और गोपनीयतारू डेटा प्राइवेसी आज का सबसे बड़ा मुद्दा है। 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम कैसे डेटा का उपयोग करते हैं और क्या वे निष्पक्ष हैं, यह बहस का विषय है। एल्गोरिदम में पूर्वाग्रह ( होने से समाज में असमानता बढ़ने का खतरा बना रहता है।


मानवीय संवेदना का अभाव 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस  कितना भी बुद्धिमान क्यों न हो जाए, उसमें मानवीय सहानुभूति, संवेदना और निर्णय लेने की श्नैतिक क्षमताश् का अभाव होता है।

निष्कर्ष संतुलन की आवश्यकता

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भविष्य पूरी तरह से इस पर निर्भर करता है कि हम इसे कैसे नियंत्रित और निर्देशित करते हैं। तकनीक का विरोध करने के बजाय, हमें श्तकनीकी साक्षरताश् बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। सरकारों और संस्थानों को ऐसे नियम बनाने की जरूरत है जो इनोवेशन को बढ़ावा दें, लेकिन साथ ही मानवीय मूल्यों और सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

अंत में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस खुद में कोई श्लक्ष्यश् नहीं है, बल्कि यह एक श्शक्तिशाली उपकरणश् है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इस औजार का उपयोग दुनिया को और बेहतर बनाने के लिए करते हैं या इसे अपने नियंत्रण से बाहर जाने देते हैं।

–कमल पवार




जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करे।

9803025111, 8878400009

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक य सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।

सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारो के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।

R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106

Contact us :- +91-98030-25111.

# लुधियाना जिले में 26 मई को होने वाले चुनावों से पहले धारा 163 लागूय सभाओं और रैलियों पर प्रतिबंध

जीत समाचार लुधियाना। जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु जैन ने पंजाब में 26 मई को होने वाले नगर निगम चुनावों-2026 के मद्देनजर, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (ठ.छै.ै.), 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है।



ये आदेश चुनाव अवधि के दौरान शांति, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सार्वजनिक जीवन व संपत्ति की सुरक्षा के लिए जारी किए गए हैं।

आदेशों के अनुसार, लुधियाना जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर पाँच या उससे अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने, कोई भी नारा लगाने, भड़काऊ भाषण देने, सभाएँ, जुलूस और रैलियाँ आयोजित करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि अवैध जमावड़ों और राजनीतिक गतिविधियों के कारण, चुनाव अवधि के दौरान झड़पों, सार्वजनिक शांति भंग होने और सरकारी या निजी संपत्ति को नुकसान पहुँचने की संभावना है। इसलिए, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए निवारक उपाय किए गए हैं।

हालाँकि, ये आदेश पुलिस कर्मियों, वर्दीधारी सेना अधिकारियों और ड्यूटी पर तैनात अन्य सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। ये प्रतिबंध विवाह समारोहों, शोक सभाओं, धार्मिक स्थलों, धार्मिक संस्थानों और कीर्तन आदि सहित भक्ति कार्यक्रमों पर भी लागू नहीं होंगे।

फिर भी, विशेष परिस्थितियों में, आयोजक सार्वजनिक सभाएँ या जुलूस आयोजित करने के लिए संबंधित उप-मंडल मजिस्ट्रेट से लिखित अनुमति ले सकते हैं। अनुमतियाँ भारत सरकार, पंजाब सरकार, चुनाव आयोग और जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार दी जाएँगी।

ये आदेश 22 मई से 21 जुलाई, 2026 तक प्रभावी रहेंगे।

पुलिस कमिश्नर, लुधियानाय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, लुधियाना (ग्रामीण) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, खन्ना इन आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेंगे।

Samuh Samaj Sangathan (Regd.)
2007 to Update



अभी नहीं तो कभी नहीं
मानवता की रक्षा एवं सुरक्षित रखने का मौका।
सच्चाई से देश सेवा।

समूह समाज संगठन 2007 से जरूरतमंद लोगों की हमेशा से मदद करता आया है। यह तभी संभव होता है जब आप सभी लोग हमारे संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते है। आज की मुसीबत के समय में राशन और डेली जरूरत की सामग्री मस्क, सेनिटाइजर आदि इकठ्ठा करना जितना मुश्किल है। उससे मुश्किल इस सामग्री को बटना और लोगो तक पहुंचाना है।

किसी को हमारे संगठन के होते घबराने की जरूरत नहीं है हमारे संगठन के वॉलंटियर्स आपकी सेवा में हाजिर है। सम्पर्क करें।

**9803025111,9872081907,7696420000,9872177784,8427566893**

# जिला की 395 ग्राम पंचायतों में खोलेंगे लाइब्रेरी : केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल



हरियाणा। केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज पढ़ाई का जमाना है। युवा पीढ़ी के लिए शिक्षा जरूरी है। इसके लिए स्कूली शिक्षा के साथ-साथ गांव में ही कोचिंग सेंटर जैसी सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए जिला की सभी 395 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी खुलवाएंगे ताकि युवाओं को नौकरी की तैयारी करने के लिए गांव स्तर पर ही सुविधा उपलब्ध हो सके।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने आज अपने प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के अनुसार नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में झंझाड़ी, तखाना, पधाना, सीधपुर, अंजनथली, कमालपुर, जाम्बा, सावंत, हैबतपुर और निगधु गांवों का दौरा किया और आम जनता से सीधा संवाद करके उनकी समस्याओं का समाधान किया। केंद्रीय मंत्री रविवार को असंध विधानसभा के गांवों के दौरे पर रहेंगे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान पढ़े-लिखे युवाओं को योग्यता के आधार पर बिना पर्ची-बिना खर्ची सरकारी नौकरी दी जा रही है जबकि पहले की सरकारों में नेताओं के चहेतों और पर्ची-खर्ची के आधार पर युवाओं को सरकारी नौकरी मिलती थी। भाजपा सरकार ने इस व्यवस्था को बदला और पढ़ने वाले बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा कि अब केवल पढ़ने-लिखने वाले बच्चों को ही सरकारी नौकरी मिलेगी। इसी सोच को लेकर आज कोचिंग सेंटरों में युवाओं की भीड़ लगी हुई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को उनके गांव में ही कोचिंग सेंटर जैसी सुविधाएं मिलें इसके लिए जिला की सभी ग्राम पंचायतों में लाईब्रेरी खोलने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा गांव-गांव में शमशान घाट की चारदीवारी व शेड, पक्के रास्तों का निर्माण व पेयजल की व्यवस्था करवाना भी प्राथमिकता रहेगी।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज प्रदेश में म्हारा गांव-जगमग गांव के तहत 24 घंटे बिजली मिल रही है जबकि पहले प्रदेश में बिजली का संकट रहता था और लोगों को मजबूरन सडकों पर जाम लगाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि 21 मई को देश में सर्वाधिक बिजली आपूर्ति की गई। मांग के अनुसार 270.80 गीगा वाट बिजली की निर्बाध आपूर्ति की गई। आज के दिन देश में 283 गीगावाट की उपलब्धता है, आने वाले समय में 300 गीगावाट क्षमता के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आज से दस साल पहले 250 गीगावाट की डिमांड पूरी करने की क्षमता भी देश की नहीं थी। गांव में बिजली नहीं मिल पाती थी। आज हरियाणा के 6 हजार से ज्यादा गांवों में चौबीस घंटे बिजली दी जा रही है।

## जयसिंहपुर में एचडीएफसी बैंक के पास गिरा विशाल बरगद का पेड़, घर की छत क्षतिग्रस्त

जीत समाचार जयसिंहपुर(रवि कुमार)। शनिवार दोपहर क्षेत्र में आए तेज तूफान ने जनजीवन को खासा प्रभावित किया। तूफान की तीव्रता इतनी अधिक थी कि जयसिंहपुर स्थित एचडीएफसी बैंक के समीप खड़ा एक विशाल बरगद का पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गया।

पेड़ गिरने की इस घटना से पास ही स्थित एक रिहायशी मकान को भारी नुकसान पहुंचा है। बरगद का पेड़ सीधे घर की छत पर जा गिरा, जिससे छत का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि इस दौरान घर के अंदर मौजूद सदस्य सुरक्षित बच गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

पेड़ गिरने से जहां एक ओर संपत्ति का नुकसान हुआ है, वहीं दूसरी ओर वहां से गुजरने वाली बिजली की लाइनें भी इसकी चपेट में आ गई हैं, जिससे स्थानीय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है।

सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और प्रशासन के लोग स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे। फिलहाल, मलबे को हटाने और बिजली लाइनों को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। तूफान के कारण हुए इस नुकसान से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है।

## जगनीजाड़ मंदिर में सती माता जी के दर्शन करने तथा वार्षिक भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने का सौभाग्य मिला



जीत समाचार जयसिंहपुर (रवि कुमार)। आज आम आदमी पार्टी पालमपुर के जिलाध्यक्ष भाई शेर सिंह, जयसिंहपुर के संयुक्त सचिव कर्म सिंह, अमरजीत, संगठन मंत्री रवि गुलेरिया जी के साथ लोअर लंबगांव स्थित जगनीजाड़ मंदिर में सती माता जी के दर्शन करने तथा वार्षिक भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने का सौभाग्य मिला तथा मंदिर कमेटी का इज्जत मान देने के लिए हार्दिक धन्यवाद जिन्होंने आम आदमी पार्टी को इतना इज्जत मान दिया।




# रैडक्रॉस सोसाइटी ने हीरानगर के चिल्ड्रन पार्क में चलाया सफाई एवं पौधारोपण अभियान




जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरो)। जिला रैडक्रॉस सोसाइटी ने शनिवार सुबह यहां हीरानगर के चिल्ड्रन पार्क में सफाई अभियान चलाया।उपायुक्त एवं जिला रैडक्रॉस सोसाइटी की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ की अगुवाई में चलाए गए इस अभियान के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न संस्थाओं के कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और अन्य वॉलंटियर्स ने चिल्ड्रन पार्क तथा इसके आस-पास के क्षेत्र में फैले कूड़े एवं चीड़ की पत्तियों को हटाया। सफाई अभियान के बाद पौधारोपण भी किया गया।

इस अभियान में उपायुक्त गंधर्वा राठौड़, एडीसी अभिषेक गर्ग, एसडीएम संजीत सिंह, सहायक आयुक्त चिराग शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा नगर निगम, पुलिस, होमगार्ड्स, वन विभाग और अन्य विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, माई भारत युवा केंद्र, हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों एवं वॉलंटियरों, रोटरी क्लब, शुभ प्रभात हैल्थ क्लब, प्रेस क्लब और अन्य संस्थाओं के वॉलंटियरों ने भी भाग लिया।

# राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल पपरोला को भेंट किए व्हीलचेयर एवं स्ट्रेचर



जीत समाचार बैजनाथ। राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल पपरोला में मरीजों की सुविधा एवं जनसेवा को ध्यान में रखते हुए आज विभिन्न सामाजिक सहयोगकर्ताओं द्वारा व्हीलचेयर एवं स्ट्रेचर भेंट किए गए। उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने यह व्हीलचेयर एवं स्ट्रेचर अस्पताल प्रशासन को औपचारिक रूप से भेंट किए।

इस दौरान एसडीएम कार्यालय की ओर से अस्पताल को 2 व्हीलचेयर प्रदान की गई। वहीं पपरोला निवासी निशांत मेहता ने अपने पिता स्वर्गीय नंद किशोर मेहता की स्मृति में 4 व्हीलचेयर एवं एक स्ट्रेचर भेंट किया। इसके अतिरिक्त अक्षय आचार्य ने अपने पिता स्वर्गीय सुरेश आचार्य की याद में 4 व्हीलचेयर तथा 2 फोल्डेबल स्ट्रेचर अस्पताल को प्रदान किए।

एस डी एम संकल्प गौतम ने इस पुनीत कार्य हेतु सभी दानी सज्जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जनहितकारी सहयोग से मरीजों एवं उनके परिजनों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित होंगी।

अस्पताल प्रशासन ने भी उपमंडलाधिकारी एवं सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए आश्वस्त किया कि उपलब्ध करवाई गई व्हीलचेयर एवं स्ट्रेचर अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।



# बूथ के 100 मीटर के दायरे में प्रचार गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध



जीत समाचार हमीरपुर । जिला की 242 ग्राम पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होने वाले मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम-1994 की धारा 158-जी के तहत आदेश जारी करते हुए मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में सभी तरह की प्रचार गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है।

उन्होंने बताया कि मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी तरह की प्रचार सामग्री प्रदर्शित करने, मतदाताओं को लुभाने या प्रभावित करने से संबंधित अन्य सभी गतिविधियों पर पूर्ण पाबंदी रहेगी।

हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम-1994 की धारा 158एन के तहत एक अन्य आदेश जारी करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने मतदान केंद्रों और इसके आस-पास के क्षेत्रों में हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। मतदान ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। उन्होंने बताया कि इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम-1994 और आर्म्स एक्ट-1959 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




# हिमाचल में पंचायत चुनावों के चलते 26, 28 और 30 मई को छुट्टी घोषित

जीत समाचार शिमला। हिमाचल प्रदेश में पंचायत राज चुनावों के मद्देनजर राज्य सरकार द्वारा 26, 28 और 30 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने तथा मतदाताओं को मतदान का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से घोषित किया गया है।

सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इन तिथियों पर स्कूल, सरकारी कार्यालय तथा औद्योगिक इकाइयाँ बंद रहेंगी। यह सवेतन अवकाश सभी सरकारी और गैर-सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगा, ताकि कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

प्रशासन ने सभी नागरिकों से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है।

# प्रत्याशी के निधन के कारण ग्राम पंचायत स्योग के वार्ड पांच में नए सिरे से होंगे वार्ड सदस्य के चुनाव

जीत समाचार मंडी(ब्यूरों)। राज्य चुनाव आयोग ने सदर विकास खंड की ग्राम पंचायत स्योग के वार्ड संख्या-5 (स्योग-5) के प्रत्याशी के निधन के कारण 26 मई, 2026 को निर्धारित वार्ड सदस्य के चुनाव की प्रक्रिया नए सिरे से करने की अधिसूचना जारी की है।

अधिसूचना के अनुसार भीम सिंह पुत्र किशन चंद गांव एवं डाकघर स्योग वार्ड संख्या 05 (स्योग-5) से वार्ड सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ रहे थे। गत 21 मई, 2026 को उनका निधन हो गया। इसकी सूचना निर्वाचन अधिकारी-सह-उप-मंडलाधिकारी (ना.) सदर, की ओर से राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी गई। इस पर आयोग ने यह चुनाव नए सिरे से करवाने संबंधी अधिसूचना जारी की है।

अधिसूचना के अनुसार सदर विकास खंड की ग्राम पंचायत स्योग के वार्ड संख्या 05 (स्योग-5) के सदस्य पद के लिए केवल दो ही उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे और एक उम्मीदवार की मृत्यु के बाद उक्त वार्ड के लिए केवल एक ही उम्मीदवार शेष है। हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (चुनाव) नियम, 1994 का नियम 48 यह प्रावधान करता है कि यदि किसी ऐसे उम्मीदवार की मृत्यु हो जाती है जिसका नामांकन जांच में वैध पाया गया हो और जिसने अपनी उम्मीदवारी वापस नहीं ली हो, और उसकी मृत्यु की सूचना मतदान प्रारंभ होने से पहले प्राप्त हो जाती है तथा मैदान में केवल एक ही उम्मीदवार शेष रह जाता है, तो राज्य चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार नए सिरे से चुनाव होंगे।

इसी आधार पर राज्य चुनाव आयोग द्वारा यह अधिसूचना जारी की गई है और इस वार्ड में नए सिरे से चुनाव आयोजित करने का कार्यक्रम आयोग द्वारा अलग से जारी किया जाएगा।



# 58 घंटों के अंदर 'दृश्यम 3' ने कमा डाले 100 करोड़, मोहनलाल की फिल्म बनी दर्शकों की पहली पसंद

साउथ सुपरस्टार मोहनलाल की फिल्म 'दृश्यम 3' ने दर्शकों का दिल जीत लिया है. रिलीज के पहले दिन से ही फिल्म दर्शकों की पहली पसंद हुई है. डायरेक्टर जीतू जोसेफ की ये 'दृश्यम 3' 21 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इसे क्रिटिक्स और दर्शकों से ज्यादातर पॉजिटिव रिव्यू मिले. बॉक्स ऑफिस पर फिल्म धुआंधार कमाई करती नजर आ रही है.




### 'दृश्यम 3' बनी दर्शकों की पहली पसंद

मोहनलाल के फैन्स इस फिल्म के दीवाने हो गए हैं. सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्म 'दृश्यम' फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त है, जो दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है. यही कारण है कि फिल्म रोजाना बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों का बिजनेस कर रही है. इस शनिवार (23 मई) को एक्टर मोहनलाल ने फ्रैंचाइजी के लिए दर्शकों के प्यार और सपोर्ट के लिए उनका आभार व्यक्त किया. महज 58 घंटे में फिल्म ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा छू लिया.

### 58 घंटे में 100 करोड़ पार

अपने ट अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए मोहनलाल ने लिखा, "13 सालों तक इस सफर में हमारे साथ बने रहने के लिए आपका धन्यवाद. इस कहानी पर आपका प्यार, सपोर्ट और विश्वास हमें हर दिन और भी विनम्र बनाता है." जारी पोस्टर बताया गया है कि 'दृश्यम 3' ने 58 घंटों में दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये की कमाई की है, जो एक मलयालम भाषा की फिल्म के लिए बहुत बड़ी बात है. एक्टर ने पोस्ट के जरिए फिल्म की टोटल कमाई 100 करोड़ से ज्यादा बताई है. हालांकि ट्रेड वेबसाइट बदपसा के मुताबिक फिल्म ने रिलीज के तीन दिनों में 92.17 करोड़ रुपये का टोटल वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया है.

### तीसरे दिन की कमाई

बात करें फिल्म के तीसरे दिन यानी शनिवार की कमाई की तो मोहनलाल की 'दृश्यम 3' ने इस दिन 13.70 करोड़ की नेट कमाई की. इसके साथ ही भारत में इसका टोटल ग्रॉस कलेक्शन 47.17 करोड़ और टोटल नेट कलेक्शन 40.60 करोड़ हो गया है. विदेशों में, फिल्म ने कुल 45. 00 करोड़ का टोटल ग्रॉस कलेक्शन किया है, जिससे इसका टोटल वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 92.17 करोड़ हो गया है.

### 'दृश्यम 3' के बारे में

बात करें फिल्म की तो 'दृश्यम 3' मोहनलाल की सुपरहिट 'दृश्यम' फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त है. इस फिल्म से एक बार फिर मोहनलाल ने अपनी जबरदस्त वापसी की है. फिल्म की रिलीज से पहले, इसके डायरेक्टर और मोहनलाल ने कहा था कि दर्शकों को सिनेमाघरों में यह उम्मीद लेकर नहीं आना चाहिए कि उन्हें फ्रैंचाइजी की पहली और दूसरी किस्तों की तरह इसमें भी कोई चौंकाने वाले खुलासे देखने को मिलेंगे. सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर इस फिल्म की कहानी में काफी कुछ अलग देखने को मिला है. जॉर्जकुट्टी का किरदार इसमें और भी शातिर दिखाया गया है.

## 'हेरा फेरी 3' से बाहर हुए परेश रावल? ब्याज के साथ वापस की साइनिंग फीस



बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'हेरा फेरी 3' पिछले काफी समय से अपने कॉपी राइट्स को लेकर चर्चा में है. अभी तक फिल्म का यह मामला सुलझा नहीं था कि 'हेरा फेरी 3' से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है, जिससे फिल्म के फैंस को जोर का झटका लगेगा. दरअसल, सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें आ रही हैं कि परेश रावल ने एक बार फिर खुद को 'हेरा फेरी 3' से अलग कर लिया है. बताया जा रहा है कि एक्टर ने मेकर्स को ब्याज के साथ अपनी साइनिंग फीस वापस कर दी है. चलिए जानते हैं कि इस रिपोर्ट में और क्या कुछ कहा गया है.

बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, परेश रावल कथित तौर पर 'हेरा फेरी 3' से बाहर हो गए हैं. उन्होंने खुद इस प्रोजेक्ट से अलग कर लिया है. इसके लिए उन्होंने अपनी साइनिंग फीस को 15 प्रतिशत ब्याज और मुआवजे के साथ लौटा दिया है. फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने कहा, 'उनकी कुल फीस 15 करोड़ रुपये फिक्स की गई थी. टर्म शीट में लिखा था कि परेश रावल को फिल्म रिलीज होने के एक महीने बाद 14.89 करोड़ रुपये की बाकी फीस दी जाएगी. परेश रावल को इसी शर्त पर आपत्ति थी.'

सूत्र ने आगे बताया, 'राइट्स को लेकर हुए विवाद की वजह से अब फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू होगी. इससे यह साफ है कि 'हेरा फेरी 3' साल 2026 के अंत तक या 2027 में रिलीज होने की संभावना नहीं है. इसकी वजह से परेश को अपनी एक्टिंग फीस का बाकी हिस्सा मिलने के लिए लगभग दो साल इंतजार करना पड़ता.' हालांकि अब तक इन दावों पर परेश रावल या फिल्म की टीम की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है. वैसे अगर ये दावे सच हुए, तो फैंस का दिल बुरी तरह से टूट जाएगा.

## अनन्या-लक्ष्य ने जीता दर्शकों का दिल, फिल्म ने बटोरे इतने करोड़




बीते शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म 'चांद मेरा दिल' जबरदस्त कमाई कर रही है. ओपनिंग डे की तरह शनिवार को भी फिल्म ने शानदार कमाई तय की है. आइए फिल्म के दूसरे दिन के कलेक्शन के बारे में जानते हैं.

22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'चांद मेरा दिल' को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है. विवेक सोनी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी हर किसी का दिल जीतने के काम कर रही है. रिलीज होते ही फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी पकड़ बनाई है. ओपनिंग डे पर फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 3 करोड़ का बिजनेस किया. शनिवार यानी रिलीज के दूसरे दिन इसकी कमाई बढ़ी है. सैकनिल्क के मुताबिक, अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की फिल्म 'चांद मेरा दिल' ने दूसरे दिन शनिवार को घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 3.21 करोड़ की कमाई की है.

इसके साथ ही भारत में इसका टोटल ग्रॉस कलेक्शन 7.30 करोड़ और टोटल नेट कलेक्शन ₹6.21 करोड़ हो गया है. रिपोर्ट्स की मानें तो करण जौहर निर्मित इस फिल्म को बनाने में करीब 35 से 40 करोड़ रुपये का खर्च आया है. ऐसे में फिल्म ने अच्छी-खासी शुरुआत की है. आने वाले दिनों में देखना होगा कि फिल्म कैसा परफॉर्म करती है.

बात करें फिल्म की तो लीड रोल में शामिल अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी ने इस फिल्म के जरिए पहली बार साथ में काम किया है. फिल्म की कहानी एक नौजवान लड़का और लड़की की है, जो पहले दोस्त बनते हैं, फिर और फिर शादी. लेकिन दोनों को अपनी पर्सनल लाइफ में काफी कुछ झेलना पड़ता है. कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब चांदनी शादी से पहले प्रेग्नेंट हो जाती है और दोनों बेहतरीन करियर का सपना छोड़ शादी करके नई जिम्मेदारी उठाने की कोशिश करते हैं. इस फिल्म में लक्ष्य और अनन्या पांडे के अलावा आस्था सिंह, प्रथम राठौड़, आशीष दुबे और कोमल छाबरिया भी लीड रोल में हैं.